12 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 1/12/2024 10:16 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री


हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


12 जीवन में सभी को मिलता है एक अवसर जिसने लाभ उठाया वह सफल : टोप्पो



## खबर संक्षेप

### मैनपाट महोत्सव के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

**अंबिकापुर**। कलेक्टर विलास भोस्कर संदिपान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मैनपाट महोत्सव 2024 के आयोजन हेतु समन्वय बैठक आयोजित की गई। मैनपाट महोत्सव 2024 का आयोजन फरवरी के प्रथम सप्ताह में रोपाखार जलाशय के समीप किया जाना है। मैनपाट महोत्सव की आवश्यक तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्टर श्री भोस्कर ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक समन्वय बनाते हुए अपनें दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आयुक्त ननि अभिषेक कुमार एवं प्रभारी अधिकारी, सहायक नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नूतन कुमार कंवर को बनाया गया है। इसके साथ ही सहायक प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर सुनील नायक, एसडीएम सीतापुर रवि राही एवं प्रभारी अधिकारी पर्यटन मोहन साहू होंगे।

### जनपद के सामान्य सभा की बैठक 17 को

**अंबिकापुर**। सीईओ जनपद पंचायत अम्बिकापुर ने बताया कि जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 जनवरी को दोपहर 11 बजे से जनपद पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, उद्यानिकी, विद्युत, सिंचाई, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित रहेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा एवं एनआरएलएम, 15वां वित्त के विषय पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी।

### ट्रैक्टर पलटने से दबकर चालक की मौत



**बलरामपुर/रामानुजगंज**। ट्रैक्टर पलटने से दबकर युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम नगरा निवासी आशीष टोप्पो ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता था। युवक गुरुवार को ट्रैक्टर लेकर अपने साथी के साथ बलरामपुर के ग्राम बरदर में गया हुआ था। इस दौरान देर शाम चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने के बाद युवक पहिए के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद युवक का साथी फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर आज शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।

### पुनीत समीक्षा खलखो ने 17 वां तो आकांक्षा ने हासिल की 38 वीं रैंक, परिवार में खुशियों का माहौल

# सिविल जज की परीक्षा में बेटियों ने लहराया परचम, हिमांशी ने हासिल किया 6वां स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल जज परीक्षा 2022 के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस परीक्षा में सरगुजा की बेटियों में अपना परचम लहराया है। परीक्षा में शहर की हिमांशी सर्राफ ने संघर्षों के बीच पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है और प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही सीतापुर क्षेत्र में रहने वाली पुनीत समीक्षा खलखो व सूरजपुर जिले के रामानुजनगर में रहने वाली आकांक्षा सिंह नेताम ने भी सिविल जज की परीक्षा में सफलता हासिल की है। एक साथ तीन बेटियों की सफलता से परिवार में खुशियों का माहौल है और उन्हें बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। बता दें कि शुक्रवार को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा व्यवहार न्यायाधीश पद के लिए वर्ष 2022 में हुई परीक्षा के परिणाम आज जारी किए गए है। इस परिणाम में टॉप टेन में बेटियों का कब्जा रहा इसके साथ ही टॉप टेन की सूची में सरगुजा की हिमांशी सर्राफ ने भी जगह बनाने में सफलता हासिल की है। शहर के संगम चौक निवासी हिमांशी सर्राफ माध्यम वर्ग से आती है और उनके पिता घनश्याम सर्राफ व मां लेना सर्राफ ने आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हुए बेटी को इस मुकाम पर पहुंचाया है। खास बात यह है कि हिमांशी ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की है। हरिभूमि से बात करते हुए हिमांशी ने बताया कि उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई शहर में रहकर ही की है जबकि इसके बाद उन्होंने गुरुघासीदास विश्व विद्यालय से बीएएलएलबी की पढ़ाई पूरी की। वे बताती है कि पढ़ाई करने के बाद कोर्ट में इंटर्नशिप करने के दौरान एक प्रशिक्षु जज को देखकर उन्हें भी जज बनने की प्रेरणा मिली और इसके बाद उन्होंने सिविल जज बनने को अपना लक्ष्य बना लिया और इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए वे वर्ष 2021 से लगातार पढ़ाई करती रही। सिविल जज की पढ़ाई के लिए हिमांशी ने बिलासपुर में रहकर कोचिंग की और इसके बाद भी वे लगातार 6-8 घंटे तक लगातार पढ़ाई करती रही और आज उन्हें पहले ही प्रयास में सफलता मिल गई है। उन्होंने बताया कि जब परीक्षा के परिणाम घोषित हुए तो उन्हें भी इस बात का विस्वास नहीं था कि वे इतनी जल्दी बड़े मुकाम पर पहुंच जाएंगी। उन्होंने कहा कि अब उनका लक्ष्य लोगों तक न्याय पहुंचाना है। महिलाएं भी अपनी शक्ति को पहचानकर समाज में आगे बढ़ सकती है और ऊंचा मुकाम हासिल कर सकती है। हिमांशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता पिता, भाई बहन व गुरुजनों के साथ ही अपने साथियों को दिया है।

### मोबाइल फोन का किया सही उपयोग

आज के आधुनिक युग में जब मोबाइल फोन लोगों के मनोरंजन का साधन मात्र है और लोगों का समय खराब करने के साथ ही ध्यान भटकाने का करता है। हिमांशी बताती है कि जज बनने के लिए लक्ष्य निर्धारित होने के बाद उन्होंने अपने मोबाइल फोन का भी उपयोग किया। मोबाइल फोन पर भी उन्होंने जज बनने के लिए पढ़ाई की और सफलता भी हासिल की। हिमांशी ने कहा कि सफलता पाने के लिए मन को एकाग्र कर लक्ष्य की ओर बढ़ना जरुरी है। ध्यान भटकाए बिना तैयारी करने से सफलता अवश्य मिलती है।

### बनना चाहती थी डॉक्टर, बन गई जज

हिमांशी बताती है कि स्कूल के दिनों में उनका लक्ष्य डॉक्टर बनना था। डॉक्टर बनने के लिए अपने आप को तैयार कर वे पढ़ाई में भी जुट गई थी लेकिन इस बीच कुछ ऐसा हुआ कि उनके जीवन की दिशा ही बदल गई। पढ़ाई के दौरान मां की तबीयत खराब हो गई और माता पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि वे बेटी को लाखों की फीस देकर एमबीबीएस की पढ़ाई कराए। ऐसे में हिमांशी ने बीएएलएलबी की पढ़ाई की और उसके बाद सिविल जज की तैयारी में जुट गई।

### समीक्षा ने दूसरे प्रयास में हासिल की 17 वीं रैंक



सीतापुर। सिविल जज की परीक्षा में सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र में रहने वाली पुनीत समीक्षा खलखो ने भी सफलता हासिल की है। पुनीत समीक्षा खलखो ने वर्ष 2022 में हुई परीक्षा में 17वां रैंक हासिल किया है। पुनीत समीक्षा खलखो भाजपा नेता प्रभात खलखो व शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक स्नेहलता खलखो की पुत्री है और उन्होंने यह सफलता अपने दूसरे प्रयास में हासिल की है। समीक्षा बताती है कि उन्होंने बीए-एलएलबी के साथ ही एलएलएम की पढ़ाई की और इसके साथ ही वे सिविल जज की परीक्षा को लक्ष्य बनाकर अपनी तैयारी की। वर्ष 2020 में उन्होंने पहली बार सिविल जज के लिए परीक्षा दी थी और प्री में पास हो गई लेकिन मेंस क्लियर नहीं हो पाया। पहले प्रयास में सफलता नहीं मिलने पर उन्होंने हार नहीं मानी और अपने दूसरे प्रयास में उन्होंने पुनः वर्ष 2022 में परीक्षा दी और इस परीक्षा में उन्होंने प्री के साथ ही साथ मेंस में सफलता हासिल की। समीक्षा के पिता राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े हुए है ऐसे में उन्हें परिवार का पूरा समर्थन मिला और रायपुर व बिलासपुर में रहकर उन्होंने कोचिंग की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत की और घर परिवार को भी छोड़ दिया। कई-कई महीनों तक समीक्षा घर नहीं आती थी और ध्यान लगाकर पढ़ाई करती रही। समीक्षा ने बताया कि पहली बार सफलता नहीं मिलने पर वे थोड़ी हताश जरूर हुई थी लेकिन माता-पिता को विस्वाश था कि सफलता जरूर मिलेगी और आज उन्होंने अपने प्रयासों की बदौलत सिविल जज की परीक्षा में सफलता हासिल की है।

### किसान की बेटी आकांक्षा बनी जज




रामानुजनगर। सिविल जज की परीक्षा में सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाले रामानुजनगर के दूरस्थ क्षेत्र आमगांव की आकांक्षा सिंह नेताम ने भी सफलता हासिल की है। आकांक्षा के पिता हरिनंदन सिंह पेशे से किसान है जबकि मां श्रीमती तारा सिंह शिक्षक के रूप में कार्यरत है। आकांक्षा ने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर सूरजपुर से की है जबकि उन्होंने होलीक्रॉस अंबिकापुर से बीएससी से ग्रेजुएशन हासिल किया। इस बीच पिता ने जज बनने के लिए प्रेरित किया और अपना पूरा सहयोग व समर्थन दिया जिसके बाद आकांक्षा ने पीजी कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई करने के बाद सिविल जज परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। आकांक्षा ने बताया कि उन्होंने सिविल जज के लिए प्री की परीक्षा अपने दम पर पास की और उसके बाद मेंस के लिए उन्होंने कोचिंग का सहारा लिया। कोचिंग के साथ ही कड़ी मेहनत के बल पर आकांक्षा ने सफलता हासिल की। शुक्रवार को आए परिणाम में उन्हें 38 वां रैंक मिला है। ग्रामीण परिवेश में रहने के बाद भी आकांक्षा सिंह नेताम के जज बनने से परिवार के सहित पूरे परिवार सहित समाज जिला गौरवान्वित है।

# उत्तर सर्द हवाओं के प्रभाव से 5.0 डिग्री गिरा रात का पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे अंतराल के बाद उत्तर दिशा की शुष्क हवाओं का प्रवाह प्रारम्भ होने के साथ ही ठंड ने पलटवार कर दिया है। गुरूवार को पूरे दिन उत्तर की सर्द हवाएं चलने के बाद शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में 5.0 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट हुई है तथा रात का तापमान 12.6 डिग्री से गिरकर 7.3 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम अधिकारी उत्तर की शुष्क हवाओं के प्रवाह से न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट होने एवं शीत लहर का प्रकोप शुरू होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इस बार सरगुजिहा ठंड का प्रभाव देखने को नहीं मिला। दिसम्बर महीने के मध्य में जमकर ठंड पड़ी थी 20 दिसम्बर को न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री पर पहुंच गया था। दो दिन बाद आए मौसमी बदलाव से हवा की दिशा बदलने के साथ ही न्यूनतम तापमान में वृद्धि का क्रम प्रारम्भ हो गया था। इस दौरान लगातार पछुआ विक्षोभ एवं चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय होने के कारण हवा की प्रवाह पूर्व एवं पूर्वोत्तर का होने के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहा जिससे ठंड से राहत रही। लम्बे अंतराल के बाद मौसम में आए व्यवधानों के शांत पड़ने पर गुरूवार को उत्तर की शुष्क हवाओं का प्रवाह शुरू हुआ तथा पूरे दिन उत्तर की ठंडी हवाएं चली। उत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह से 24 घंटे के भीतर न्यूनतम तापमान में 5.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। मौसम विज्ञानी लगातार उत्तर की ठंडी हवाएं पहुंचने से तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के साथ ही शीत लहर का प्रकोप शुरू होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। फिलहाल मकर संक्रांति तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मकर संक्रांति के बाद पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने पर एक बार फिर हवा की दिशा में बदलाव होने पर फिर से तापमान में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

### अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर**। सड़क दुर्घटना व कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम तेलगवां निवासी बिरहुलिया बाई पति हुकुक साय (69 वर्ष) 10 जनवरी को गांव के लगभग 30-40 महिलाओं के साथ सुआ खेलने बयार गए थे। जहां से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही धंगराटिकरा के समीप पहुंचे तभी बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बिरहुलिया बाई व एक अन्य महिला को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों महिलाएं घायल हो गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बरहुलिया की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि घायल महिला की उपचार जारी है। दूसरी घटना में खड़गवां निवासी श्रीसिंह आ. हाकिम सिंह (30 वर्ष) गत दिन अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया और पूरी रात घर पर ही था। आज सुबह पेट में दर्द होने तथा कीटनाशक पीने की बात परिजन को बताई। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# तीन वर्षों से संचालित डामर प्लांट को प्रशासन ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

- नहीं दिखा पाया वैध दस्तावेज, ग्रामीणों ने की थी शिकायत



जिला प्रशासन व राजस्व विभाग की टीम ने आज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए डामर प्लांट को सील कर दिया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद पहुंचे अधिकारियों ने जब कर्मचारियों से प्लांट से संबंधित दस्तावेज मांगे तो संचालक कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। ऐसे में टीम ने प्लांट को सील कर दिया है इसके आगामी आदेश तक डामर प्लांट में उत्पादन को बंद रखने का निर्देश दिया गया है।

बता दें कि विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत के बालमपुर में डामर प्लांट विगत तीन वर्षों से संचालित हो रहा था। उक्त डामर प्लांट का संचालन पत्थलगांव के मेसर्स अशोक कुमार अग्रवाल एन्ड कंपनी द्वारा किया जा रहा था। उक्त डामर प्लांट के संचालन से निकलने वाला काला धुंआ लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया था। काला धुंआ से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा था इसके साथ ही प्लांट से लगे लोगों की जमीन पर भी निर्माण सामग्री को गिराकर रखा गया था। मनमाने ढंग से संचालित डामर प्लांट को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की थी। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम के नेतृत्व में नायब तहसीलदार संजय सारथि व राजस्व की टीम द्वारा आज बालमपुर स्थित डामर प्लांट में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने जब कर्मचारियों से दस्तावेज मांगे तो कर्मचारी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। कार्रवाई के दौरान प्लांट के मुंशी पत्थलगांव निवासी वैभव सिंह से डामर प्लांट के संबंध में पर्यावरण विभाग की एनओसी, उद्योग विभाग की अनुमति, भूमि डायवर्सन, भूमि मालिक से के गए अनुबंध व ग्राम पंचायत से मिली अनुमति के दस्तावेज मांगे गए लेकिन कर्मचारी कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। बड़ी बात यह है कि बिना दस्तावेज के लिए दबंगई के साथ ही तीन वर्षों से अवैध डामर प्लांट का संचालन किया जा रहा था और इससे ना सिर्फ क्षेत्र के लोगों को परेशानी हुई बल्कि शासन प्रशासन को भी करोड़ो रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा। इसके साथ ही जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि डामर प्लांट समीप निजी भूमियों पर बड़ी लगभग डेढ़ सौ ट्रक गिट्टी रखा गया था और संचालक उक्त गिट्टी के संबंध में भी कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए। कार्रवाई के दौरान बालमपुर सरपंच पति ने बताया कि प्लांट संचालन को लेकर ग्राम पंचायत से कोई एनओसी नहीं ली गई है। ऐसे में प्रशासन द्वारा डामर प्लांट को आगामी आदेश तक के लिए सील कर दिया गया है। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार संजय सारथी, आरआई धर्मेंद्र दुबे, शिवपूजन तिवारी, पटवारी अरविंद पैकरा, सुमन साय सहित अन्य मौजूद थे।

# चालक से मारपीट, नकदी समेत पिकअप की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में चोरी की घटनाओं के बाद अब लूटपाट की घटनाएं होने लगी है। दो दिन पूर्व ही सामान पहुंचा कर पिकअप से लौट रहे चालक से लुटेरों ने न सिर्फ मारपीट किया बल्कि उसके पास रखे नगदी, मोबाइल व पिकअप को लूट कर फरार हो गए। लुटेरों ने चालक का अपहरण करने की कोशिश की परंतु चालक किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम परसापाली कोट बिलासपुर निवासी विनोद तिर्की गांधीनगर में रहकर जीजा संजय एक्का का पिकअप चलाने का काम करता है। 10 जनवरी को पिकअप क्रमांक सीजी 15 ईबी 7925 से सामान पहुंचाने बतौली गया था। जहां से शाम को वापस गांधीनगर लौट रहा था। इसी बीच चालक विनोद तिर्की लुचकी घाट के समीप पहुंचा तो बाथरूम करने वाहन को रोका। कुछ समय बाद जैसे ही चालक वाहन स्टार्ट करने लगा तभी वहां से गुजर रहे लगभग 4-5 युवक चालक को वाहन से उतार उसके पास रखे मोबाइल, नगद 12 हजार रुपए लूट लिया और दो युवकों ने उसके पास रखे चाबी को छिन उसे वाहन की पिछे ट्राला में डालने की कोशिश करने लगे। इसी बीच युवक वहां से भाग अपनी जान बचाई। लुटेरों ने चालक से नगदी व मोबाइल समेत पिकअप को लेकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पीड़ित चालक ने कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पत्थर से टकराकर गिरी महिला, मौत

**लखनपुर**। घर के आंगन में झाड़ लगा रही महिला पत्थर से टकरा गई तथा गिरकर बेहोश हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की सूचना पर पुलिस ने महिला का पीएम करा लाश परिजन को सौंप दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम अंधला माझापारा निवासी कलपतिया बाई पति रामधन पैकरा (32वर्ष) गुरूवार को अपने घर के आंगन में सुबह झाड़ लगा रही थी। इस दौरान आंगन में गड़े पत्थर से उसका पाव टकरा गया तथा महिला गिरकर अचेत हो गई। बताया जा रहा है कि उसे मिर्गी की बीमारी थी। परिजन उसे अस्पताल ले गए लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।




## खबर संक्षेप

### अवैध परिवहन को रोकने चेकपोस्ट एवं बैरियरों में लगाई गई ड्यूटी

**बलरामपुर।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने धान खरीदी 2023-24 को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अन्य राज्यों से धान की अवैध परिवहन को रोकने एवं धान खरीदी के कार्य के सफल संचालन हेतु निर्धारित स्थानों में बेरियर प्रभारी नियुक्त कर आने-जाने वाले वाहनों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि आगामी माह में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु आदर्श आचार संहिता की घोषणा किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु निर्वाचन की दृष्टिकोण से अवैध सामग्री के परिवहन के साथ-साथ धान के अवैध परिवहन की जांच किया जाना आवश्यक है। इस कार्य के सफल संचालन हेतु जिले के चिन्हांकित थाना एवं चौकियों में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### नशे की हालत में विवाहिता कुएं में गिरी, मौत

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुमदा बस्ती में देर रात नशे की हालत में कुएं में गिर जाने से विवाहिता की मौत हो गई।रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।घटना गुरुवार देर रात की बताई गई है।पुलिस ने बताया कि कुमदा बस्ती निवासी राज कुमार गोड की 21 वर्षीया पत्नी तृप्ति सिंह गुरुवार को शराब का सेवन की हुई थी।शाम को खाना खाने के बाद घर के सभी सदस्य सो गए थे।रात्रि में जब उसके पति की नींद खुली तो उसे घर में न पाकर आजू बाजू निकल कर देखा कहीं पता नही चला, सुबह उसका शव घर के समीप कुएं में पड़ा मिला।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नायब तहसीलदार पिलखा रामबिलास मानिकपुरी की उपस्थिति में शव पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा है।पुलिस ने शव पंचनामा की कार्यवाही के दौरान मृतिका के पिता को भी मौके पर बुलवाया था।पुलिस के मुताबिक मृतिका का विवाह सन 2022 में हुआ था, उसकी आठ माह की बच्ची है।पुलिस पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह स्पष्ट होने की बात कह रही है।

### एक किलो गांजा व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकल को पुलिस ने किया जब्त

# गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अवैध रूप से गांजा की बिक्री हेतु घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस द्वारा मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम नयनपुर प्रायमरी स्कुल के पास एक बिना नम्बर की होण्डा मोटरसायकल में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु खड़े थे। मुखबिर से सूचना मिलने पश्चात पुलिस द्वारा ग्राम नयनपुर प्रायमरी स्कुल के पास पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी 24 वर्षीय हरिचरण राजवाड़े पिता नारायण प्रसाद निवासी ग्राम पंचायत कुरूंवा विश्रामपुर के कब्जे से एक पिट्टू बैग में रखे 1 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा व बिना नम्बर के मोटरसायकल को जब्त किया गया है। मामले में आरोपी से पूछताछ करने पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गांजा बिक्री करने हेतु लेकर आना बताया गया। मामले में आरोपी के साथी की निशानदेही पर तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में जयनगर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, सहायक उप निरीक्षक महिपाल सिंह, प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक मुकेश्वर वर्मा, रजिन्दर एक्का, आरक्षक विकास कुमार मिश्रा, भुनेश्वर सक्रिय रहे।

**खास बात**
- बाइक व एक किलो गांजा बरामद

## अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग, किया पुलिस चौकी का घेराव

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के करंजी चौकी क्षेत्र में अवैध शराब विक्री के खिलाफ महिलाओ ने मोर्चा खोल दिया है।शराब बिक्री से हो रहे लड़ाई झगडे ,बच्चों व नौजवानों में बढ़ रही नशे की प्रवृति पर रोक लगाने की मांग को लेकर करंजी क्षेत्र की पचास से अधिक संख्या में महिलाओ ने पुलिस चौकी का घेराव कर नारेबाजी किया।महिलाओं का आरोप है कि पुलिस अवैध शराब बेचने वालो पर कार्यवाही नहीं करती जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है ,क्षेत्र के कम उम्र के नव युवकों में शराब की लत पड़ती जा रही है।महिलाओ ने आरोप लगाया कि पुलिस की अनदेखी के चलते गांव में घर घर शराब का अवैध कारोबार चल रहा है।अवैध शराब के खुलेआम उपलब्धता से लोग शराब के आदि हो रहे हैं जिससे पूरा गांव अशांत हो चला है ,इस पर रोक लगाने की मांग की गई है।बता दें कि वर्तमान समय में गांव गांव में अवैध शराब बनाने व बेचने का कारोबार जोरो से चल रहा है। पुलिस द्वारा इस और ध्यान नहीं देने से आए दिन जगह जगह विवाद की स्थिति देखने सुनने को मिल रही है।इसी से परेशान हो कर करंजी क्षेत्र की पचास से अधिक संख्या में महिलाओ ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन कर अवैध शराब के खिलाफ बेचने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।



## प्रदेश कार्यशाला में जिले के पदाधिकारी हुए शामिल, नमो ऐप विकसित भारत एंबेसडर एवं रामजन्म भूमि मंदिर भव्य दर्शन



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज नमो ऐप विकसित भारत एंबेसडर एवं राम मंदिर दर्शन हेतु नमो ऐप के राष्ट्रीय संयोजक कुलजीत चहल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय एवं वरिष्ठ नेता रामलला दर्शन प्रदेश संयोजक धरमलाल कौशिक, लक्ष्मी वर्मा एवं नमो एप्प प्रदेश संयोजक अमित साहू के मुख्य अतिथि में प्रदेश कार्यशाला आयोजित किया गया। वक्ताओं ने विस्तृत रूप से बिंदु वार विकसित भारत एंबेसडर , डिजिटल वालटीयरिंग, जन मन सर्वे, माइक्रो डोनेशन, विकसित भारत संकल्प यात्रा, मीडिया कवरेज, राम लला का भव्य दर्शन कराने हेतु इत्यादि विभिन्न विषयों पर विस्तार से बताया गया। प्रदेश कार्यशाला में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, ज़िला महामंत्री संजय सिंह, दीनानाथ यादव, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री शैलेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी एवं नमो एप्प सह संयोजक अजय यादव ने कार्यशाला में शामिल हुए।

# परीक्षा के परिणामों को बेहतर करने प्राचार्यों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय विश्रामपुर में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों एवं जिले के मेधावी विद्यार्थियों के आवासीय कोचिंग पर चर्चा करने हेतु जिले के समस्त प्राचार्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल की अध्यक्षता में 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणामों को बेहतर करने की योजना बनाई गई तथा समय सारणी का निर्धारण किया गया। जिले में यह योजना ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में संचालित होगी। मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाने वाली कक्षाएं की रिकॉर्डिंग सम्पूर्ण जिले के विद्यालयों को उपलब्ध कराई जाएगी ताकि इस योजना का लाभ जिले के विद्यार्थियों को मिले। प्रति रविवार मेगा टेस्ट सिरिज सभी विषयों की सप्ताह भर में पढाए गये पाठों से आयोजित की जाएगी ताकि विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन हो सके एवं इस टेस्ट के प्रश्न जिले के विद्यालयों को उपलब्ध कराये जायेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा इस कार्य में सहयोग करने हेतु जिले के समस्त प्राचार्य को निर्देशित किया गया,बैठक में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए और अपने सुझाव दिए।

## मोटिवेशन क्लास में बच्चों को सफलता के बताए सूत्र



**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुवनेश्वरपुर में आज मोटिवेशन क्लास हुआ जिसमें मुख्य अतिथि बुध लाल के रूप में साहू सहायक प्राध्यापक रेवती रमण मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उपस्थित हुए। साथ ही सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के साथ प्रारंभ हुआ। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के सूत्र बताए तथा मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कर जीवन में सफल होने को प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एसपी मिश्रा, दशरथ राम, अमर साय, सुखदास बरैहा, एसके कश्यप, जानकी साहू, निरिश्ता राजवाड़े, हेमलता साहू, चंद्रावती सिंह, सेलिना, कविता दास, अनिता कुंभकार, छबिलाल बंजारे, आनंद तिर्की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार अमर सायं एवं कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जगदीश साहू द्वारा किया गया।



### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ

**केदमा।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत ग्राम केदमा में गुरुवार से कलश यात्रा के साथ 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ प्रारंभ हुआ। आयोजन समिति ने बताया कि तीन दिवसीय यज्ञ में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आने जाने वालों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी की गई है।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजनानी मेमोरियल हॉस्पिटल में कल उपलब्ध रहेंगे विशेषज्ञ चिकित्सक



**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रत्येक माह की दूसरे रविवार 14 जनवरी को निम्न विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे । रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ भुवन शर्मा न्यूरोलॉजिस्ट, एमडी डीएम न्यूरोलॉजी बिलासपुर के वशिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉक्टर नरेश देवांगन एमबीबीएस एमसीएच न्यूरोसर्जन, रायपुर के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉक्टर आशु जैन आईएमएस, एमसीएच, एफएचयू न्यूरोसर्जन, डॉक्टर हाउस माता रानी मेमोरियल हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे। संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा में उपलब्ध रहेंगे।



## खबर संक्षेप



### पीएम श्री के तहत केंद्रीय विद्यालय में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**अंबिकापुर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पीएम श्री अभियान के तहत किया जा रहा है। इसी क्रम में विशेषज्ञ वक्ता इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के सीनियर प्रोफेसर डॉ. वीके सिंह ने अपना व्याख्यान दिया। डॉ. सिंह ने बच्चों को सतत विकास के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने बताया कि सतत विकास एक दूरदर्शी योजना है जो आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय संगतता और पर्यावरण संरक्षण के समावेशन से विकास का आह्वान करती है तथा जो विकास के लिए भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान की आवश्यकताओं का पूरा करने पर जोर देता है। प्राचार्य राजेश प्रसाद ने बताया कि पीएम श्री कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण, बच्चो का पूर्ण मेडिकल चेकअप, स्वच्छ विद्यालय आदि कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है।

### ट्रेड यूनियन ने मनाया हिन्दी दिवस, हुआ व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** ट्रेड यूनियन कौंसिल द्वारा गुरूवार को स्टेडियम ग्राउण्ड स्थित भारतेंदु हरिशचन्द्र हॉल में अंतराष्ट्रीय हिन्दी दिवस प्रो.विश्वासी एक्का, डॉ.नीलाभ कुमार, डॉ.दीपक सिंह, प्राचार्य डॉ.रिजवान उल्ला के आतिथ्य एवं यूनियन के प्रांतीय सचिव द्वतेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने हिन्दी की विशालता, सरसता, व्यापकता एवं इसकी उपादेयता पर सारगर्भित व्याख्यान दिया तथा शासकीय एवं न्यायालयीन कार्यों में हिन्दी को अपनाने की जरूरत बताई। वक्ताओं ने न्यायालयीन निर्णय हिन्दी में लिखने पर बल दिया ताकि वंचितों को न्याय का सिद्धांत फलीभूत हो सके तथा हर व्यक्ति कोर्ट के निर्णय को पढ़कर समझ सके। प्रशासनिक कार्यों, बैंक, इंश्योरेंस सहित अन्य संस्थानों में हिंदी को अपनाने की चर्चा होती है लेकिन एग्रीमेंट, अनुबंध पत्र सहित अन्य दस्तावेजों का निष्पादन हिन्दी भाषा में नहीं होता। ऐसे दस्तावेजों का निष्पादन हिन्दी में होने पर आम आदमी उसकी बारीकियों को समझ सकेगा। कार्यक्रम में अन्य विषयों पर भी गंभीर चर्चा हुई। इस दौरान पार्षद प्रमोद चौधरी, रूपा अम्बष्ठ, श्वेता गुप्ता, श्वेता सिन्हा, ललिता पाण्डेय, प्रकाश कश्यप, दिनेश गर्ग, ममता मंजू यादव, संगीता यादव, संध्या सोनी, रंजीत सारथी, अनुफ टेकाम, पूरन सिंह, शिव कुमार सिंह, वीरेन्द्र सिंह, चन्द्रप्रभा अम्बष्ठ, रूबी जैन, दीक्षा गर्ग, पंकज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में हिन्दी प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रांताध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने किया।

### सम्मेलन में समूह की महिलाओं को वितरित किया गया 80 करोड़ का ऋण



**लखनपुर।** विकासखण्ड के स्वयं सहायता समूहों का सम्मेलन सामुदायिक भवन में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रमुख श्याम सुंदर माथुर, रिजिनल मैनेजर रणधीर सिंह, मुख्य प्रबंधक संजय प्रधान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र बहादुर पटेल, डीपीएम एफआई सुभाष मिश्रा, बीपीएम मनोज कुमार किस्पोट्टा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। सम्मेलन में 300 समूहों की महिलाओं ने भागीदारी की। अतिथियों ने महिलाओं को सम्मानित किया तथा रोजगार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जिससे जुड़कर महिलाएं सशक्त बन सकें। उप आंचलिक प्रमुख श्री माथुर ने समूह की महिलाओं के स्वरोजगार के लिए स्वीकृत 80 करोड़ की राशि हितग्राहियों को वितरित किया। बैंक अधिकारियों ने ऋण योजनाओं मुद्रा लोन एवं छोटे उद्यमियों को आगे बढ़ाने हेतु ऋण योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान ब्लाक के विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक एवं बैंक शाखाओं से जुड़ी बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

### मनमाने तरीके से डिवाइडर के बीच छोड़ा गया रास्ता

# रिंग रोड के डिवाइडर को तोड़ बना दिया रास्ता, दुर्घटना की आशंका



रिंग रोड पर अव्यवस्थित ढंग से तोड़ा गया डिवाईडर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के रिंग रोड पर किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसे व्यवस्थित करने के लिए कुछ साल पूर्व ही करोड़ों की लागत से रिंग रोड का नए सिरे से सड़क, डिवाइडर सहित सौंदर्यीकरण कार्य किया गया था। शहर के 11 किमी रिंग रोड शहर के बीच से गुजरा है ऐसे में रिंग रोड के आसपास लोगों के आवागमन के लिए डिवाइडर के बीच रास्ता छोड़ा गया है। हैरानी की बात यह है कि गांधी चौक से लेकर बिलासपुर चौक के आधे रिंग रोड के डिवाइडर के बीच दर्जनों जगह रास्ता छोड़ा गया है। कुछ जगह ऐसी है जहां डिवाइडर के बीच रास्ता की जरूरत नहीं और जहां जरूरत है वहां रास्ता ही नहीं छोड़ा गया है। ऐसे में अब रिंग रोड के डिवाइडर में छोड़े गए रास्ता लोगों के लिए खतरनाक साबित होने लगा है। आलम यह है कि अब लोग मनमानी तरीके से डिवाइडर को तोड रास्ता बनाने लगे है जो लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

**खास बात**

- आए दिन होती है दुर्घटनाएं
- लोगों के लिए बनी मुसीबत

शहर के रिंग रोड निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसी द्वारा मोहल्ले वासियों सहित बैंक, स्कूल के समीप रिंग रोड से एक हिस्से से दूसरी ओर जाने के लिए डिवाइडर के बीच रास्ता छोड़ा गया। जबकि कई जगह निर्माण के दौरान ही मोहल्ले के लोगों के दबाव में आकर डिवाइडर के बीच रास्ता बना दिया गया। शहर की 11 किमी रिंग रोड में डिवाइडर के बीच छोड़े गए रास्ता की बात करे तो रिंग रोड के एक हिस्से रामानुजगंज चौक से लेकर बिलासपुर चौक के बीच दो दर्जन से अधिक जगहों पर डिवाइडर के बीच रास्ता छोड़ा गया है जिसमें से अधिक जगह छोडे गए रास्ता का कोई औचित्य ही नहीं है जबकि रिंग रोड के दूसरे हिस्से रामानुजगंज चौक से होकर भारत माता चौक ओर बिलासपुर चौक तक के डिवाइडर के बीच कम ही जगह पर रास्ता छोड़ गया है। ऐसे में रिंग रोड महामाया द्वार, भारत माता चौक की ओर से गुजरी सड़क पर कम जबकि नमनाकला रिंग रोड में अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुई है। जिसका प्रमुख कारण डिवाइडर के बीच छोड़े गए रास्ता है। मनमानी तरीके से डिवाइडर के बीच छोडा गया रास्ता अब लोगों के लिए जानलेवा साबित होने लगा है और शहर के भीतर रिंग रोड निर्माण में बरती गई लापरवाही शहर वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

**डिवाइडर को तोड़ बना दिया रास्ता**

शहर के रिंग रोड निर्माण के दौरान बनाए गए डिवाइडर के बीच आवश्यकता अनुसार रास्ता छोड़ा गया था। कहीं कहीं मोहल्ले वासियों के दबाव में अनाश्वक रूप से आने आने के लिए रास्ता छोड़ा गया था। हालांकि छोड़े गए जगहों पर आए दिन दुर्घटना होने से बंद कर दिया गया। परंतु कुछ माह पूर्व ही कुछ लोगों ने अपने व्यक्ति स्वार्थ के लिए बिलासपुर चौक से प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के बीच लंबे डिवाइडर को तोड़ रास्ता बना दिया। जिस जगह पर डिवाइडर तोड़ रास्ता बना गया है उस मार्ग पर दोनो ओर से भारी वाहन तेज रफ्तार से गुजरती है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में समय रहते तोड़ गए डिवाइडर को सही नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**गलत दिशा से जाने मजबूर मोहल्ले के लोग**

गांधी चौक से लेकर बिलासपुर के बीच रिंग रोड के डिवाइडर के बीच डेढ़ दर्जन से अधिक जगह पर रास्ता छोड़ा गया है। हैरानी की बात यह है कि रिंग रोड पेट्रोल पंप के समीप खटीक मोहल्ला के लोगों को रिंग रोड जाने के दौरान डिवाइडर के बीच रास्ता नहीं होने से उन्हें पेट्रोल पंप तक विपरीत दिशा में जाना पड़ता है जबकि सामने की ओर से बड़ी संख्या में भारी वाहन तेज रफ्तार से गुजरती है जिससे दुर्घटना की संभावना अधिक होती है। क्षेत्र के लोगों ने मोहल्ले से गुजरी सड़क के रिंग रोड पर मिलने वाले जगह पर रास्ता छोड़ने की मांग की है।

**जा चुकी है जान**

नमनाकला रिंग रोड के डिवाइडर के बीच गलत जगह पर छोड़े गए रास्ता के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। पूर्व में भी कई सड़क हादसे हुए है जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि कुछ जगह पर डिवाइडर के बीच बने रास्ता को बंद किया गया है परंतु कई स्थान ऐसे है जहां केवल बाइक सवार को रोकने के लिए घेरा गया है जबकि उस स्थान से लोग पैदल ही सड़क पार करते है जिससे दुर्घटनाएं होती है।

**कराया जाएगा बंद**

डिवाइडर को तोड़ रास्ता बनाना गलत है। रिंग रोड पर बड़ी संख्या में भारी वाहन गुजरती है। कर्मचारी को भेज दिखवाता हूं और उसे जल्द ही बंद कर दिया जाएगा।

-डॉ. अजय तिर्की
महापौर

# वन सी कॉलोनी में सूने घर का दरवाजा तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के वनसी कॉलोनी के क्वार्टर नम्बर दस के पिछले हिस्से का दरवाजा अज्ञात चोरों ने तोड़ दिया, इसके बाद भीतर प्रवेश करते हुए अलमारी में रखे कई लाख रूपये के सोने के जेवरात व गुल्लक को चुरा कर अपने साथ ले गये ।घटना दस जनवरी बुधवार की बताई गई है।बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में वरुण प्रकाश सैंदांडे आत्मज प्रकाश भगवान सैंदांडे की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457,380 आईपीसी का अपराध दर्ज किया है। वरुण प्रकाश ने पुलिस में दर्ज कराए रिपोर्ट में बताया कि वह अपने घर को लॉक कर बुधवार 10 जनवरी को अम्बिकापुर गया हुआ था ,रात्रि साढ़े आठ बजे घर के बाजू में रहने वाला मित्र सूर्य प्रकाश ने उसे फोन कर बताया कि आपके घर के पीछे का दरवाजा टूटा हुआ है तथा अंदर अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ है।सूचना पर रात साढ़े दस बजे जब वह वापस घर पहुंचा तो देखा कि घर का दरवाजा व अलमारी का लॉक टुटा हुआ है एवं अलमारी में रखा हुआ छह नग सोने का कंगन,दो नग सोने का मंगल सूत्र,तीन नग सोने की चैन, दो नग अंगूठी,तीन नग झुमका व गुल्लक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है।रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

- अज्ञात चोरों ने लाखों रूपये के जेवरात घर से किये चोरी

**अपराध रोकथाम में नाकाम रही पुलिस**

सूरजपुर जिले अंतर्गत बिश्रामपुर क्षेत्र में पिछले कुछ माह में दर्जन भर से अधिक चोरीयाँ हुईं हैं, इनमें से किसी भी चोरी का खुलासा पुलिस अब तक नहीं कर पाई है, शिवनन्दनपुर स्थित कम्पोजिट शासकीय शराब दूकान में तीन माह के भीतर दो बार चोरी हो गई, दोनों चोरी में एक सामान तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया, दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अलग अलग धाराओं में अपराध दर्ज किया है लेकिन अब तक उक्त मामले का खुलासा नहीं हो सका, आरोपीगण अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, इसके अलावा ग्राम सतपता में कुछ दिनों पूर्व मध्य रात्रि को तीन से चार घरों के ताले टूटे, उस मामले में भी अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं।



# अंगना मा शिक्षा के तहत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

अंगना मा शिक्षा अंतर्गत पिंडरा व चित्तविश्रामपुर संकुल हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक मनोज गुप्ता ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि नौनिहाल बच्चों के लिए कोरोना काल के समय से यह विशेष कार्यक्रम शिक्षा विभाग द्वारा संचालित है।

बच्चों को सिखाने में माताओं की विशेष भूमिका रहती है। सभी शिक्षक अपनी शालाओं में अध्ययनरत बच्चों के माताओं को बुलाकर अंगना में शिक्षा कार्यक्रम आयोजित करें तथा विभिन्न गतिविधियों से उन्हें अवगत कराते हुए इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे अपने घरों में छोटे-छोटे गतिविधियों के माध्यम से घरेलू कामकाज करते हुए अपने बच्चों के सीखने के लिए उचित वातावरण का निर्माण करें। बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए गतिविधि आधारित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रीमती सूची स्मिता सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। संकुल स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रीमती गिसीदा पैकरा एवं कामिनी साहू ने विभिन्न गतिविधियां कराकर उपस्थित शिक्षकों को यह बताया की इन गतिविधियों के माध्यम से माताओं को प्रोत्साहित कर बच्चों के सीखने के लिए उचित वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरिशंकर सिंह एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अनिल तिवारी के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीमती प्रेमलता देवी, मधु ओहद्दार, ममतारानी, जागृति ध्रुव, प्रवीण पाण्डेय, लालधारी राम, राजू राम सहित संकुल के अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### श्रद्धालुओं ने झगराखांड व भकुरमा देव धाम में की पूजा अर्चना



**केदमा।** जिले के कोरबा व रायगढ़ सीमा क्षेत्र स्थित ग्राम मतरिंगा से लगे प्रसिद्ध तीर्थ स्थल झगराखांड धाम में रवि अग्रवाल, पप्पू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। साथ ही विकासखंड उदयपुर अंतर्गत भकुरमा गांव में भी पूजा अर्चना की। मतरिंगा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष एवं रवि अग्रवाल तथा सौरभ अग्रवाल ने कहा कि मतरिंगा में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही रेड नदी के उद्गम स्थल को भी विकसित कर तीर्थ क्षेत्र बनाया जाएगा। रवि अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव मदद की जाएगी। कार्यक्रम में सज्जूराम, बृजेश चतुर्वेदी, महेश्वर, अशोक, संतोष मझवार, सोनसाय पटेल, विष्णुराम, सुखसाय, भोला, रतनसाय, मान सिंह, मनीराम सहित ग्राम पंचायत अमडीहा, धनपुरी, रपता, बताती, रूआफूल, सिमकेदा, एलोंग, चिर्रा के सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों ने दीपदान का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/करवां

अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत कलश का ग्राम स्तर ग्रामीणजन द्वारा ढोल नगाड़े के साथ ग्राम भ्रमण कर भव्य स्वागत किया गया। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को हो रहे प्राण प्रतिष्ठा हेतु सभी को निमंत्रित किया गया। संकट मोचन हनुमान मंदिर करवा से अक्षत कलश का शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण सरकारीपारा, अहिरापारा, रोडपारा, घुट्रीपार सहित अन्य मुहल्ले में किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा आस्था व्यक्त कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस पुनीत कार्य पर आमजन द्वारा अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन ग्राम के यज्ञशाला प्रांगण में भव्यता रूप में दीप जलाकर व आतिशबाजी कर दीपावली पर्व जैसे उत्साह पूर्वक मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही सभी लोगों को अपने-अपने घरों में भी दीप जलाने व उत्सव मनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महेश कुशवाहा, अमरसाय राजवाड़े, राजकुमार कुशवाहा, संजय कुशवाहा, प्रज्ञा कुशवाहा, टिकेश राजवाड़े, इंद्रजीत राजवाड़े, अजय प्रताप सिंह सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### चांदो मंडल आगमन पर विधायक का भव्य स्वागत

**चांदो।** सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा के पहली बार चांदो क्षेत्र में आगमन होने पर युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। चांदो के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के पास कार्यकर्ताओं द्वारा लड्डू से विधायक को तौला गया एवं विधायक उद्धेश्वरी पैकरा और पूर्व संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा द्वारा भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जनक नाग, सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।



### राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनने खरसूरा के श्रद्धालु पैदल रवाना हुए अयोध्या

**करवां।** श्रीराम जन्मभूमि धाम अयोध्या मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनने रामलला के दिव्य दर्शन करने ग्राम खरसूरा भक्त ने मन में दृढ़ संकल्प लेकर पैदल यात्रा कर अयोध्या जाने की ठान कर रवाना हुए। ग्राम खरसूरा निवासी मोहरसाय राजवाड़े ने सुबह 10बजे अपने निवास स्थान से प्रभु श्रीराम जन्मस्थली अयोध्या जाने हेतु पैदल यात्रा के दौरान रास्ते में करवा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेका। तत्पश्चात ग्राम के राम भक्तों द्वारा श्री राजवाड़े का माल्यार्पण कर चंदन तिलक लगाकर भगवा गमछा, जैकेट व फलाहार की व्यवस्था किया गया। इस अवसर पर महेश कुशवाहा, अमर साय राजवाड़े, इन्द्र जीत राजवाड़े, लकी कुशवाहा, गोविंद कुशवाहा, अजय प्रताप सिंह, रामफल चौधरी, विशुन देवांगन, दुर्गा साहू सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।








# परीक्षा पे चर्चा के तहत शिक्षक एवं विद्यार्थियों का कराया गया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

परीक्षा पे चर्चा एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से परीक्षा की तैयारी और तनाव से निपटने के लिए अनमोल सुझाव देते हैं। इसी तारतम्य में जिले के शिक्षा अधिकारी ललित राम पटेल एवं बीईओ के निर्देशन तथा संकुल समन्वयक जेडी सिंह के मार्गदर्शन में माध्यमिक शाला पतरापाली में शिक्षक एवं विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण कर लिया गया है। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक योगेश साहू ने बताया कि विद्यालय के सभी बच्चों एवं शिक्षकों का शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन हो चुका है। उन्होंने परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों के लिए एक तनावमुक्त वातावरण बनाना है, जिसमें उनकी अद्वितीय प्रतिभा को सम्मान, प्रोत्साहन और अभिव्यक्ति का पूरा अवसर मिले।







